छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित द्वारा माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वर्ष 2026–27 से वर्ष 2029–30 की पूंजीगत निवेश योजना के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत याचिका क्रमांक 02/2026 की संक्षेपिका

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित (यथोपरांत उत्पादन कम्पनी) द्वारा दिनांक 01/01/2009 से कार्य निष्पादन प्रारंभ किया गया ।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (एतद पश्चात् आयोग) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ के निर्धारण हेतु निर्बंधन एवं शर्तें) विनियम, 2025 (यथोपरांत विनियम 2025) दिनांक 11 दिसंबर 2025 को अधिसूचित किये गए, जिनकी प्रभावी अवधि 1 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2030 तक है। माननीय आयोग द्वारा वर्ष 2026–27 से 29–30 की पूंजीगत निवेश योजना हेतु याचिका दिनांक 31.12.2025 तक प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। तदनुसार, वर्ष 2026–27 से वर्ष 2029–30 की पूंजीगत निवेश योजना हेतु यह याचिका प्रस्तुत की गई है। इस याचिका में पूर्व स्वीकृत योजनाओं एवं नियंत्रण अवधि के दौरान प्रारंभ होने वाली नवीन प्रस्तावित योजनाओं के साथ ही सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु प्रस्तुत योजनाएँ भी शामिल हैं। याचिका में हसदेव ताप विद्युत गृह हेतु स्पेशल अलाउंस, गारे–पेलमा– III कोयला खदान हेतु पूँजीगत निवेश योजना एवं मुख्यालय पर समंवित संयुक्त पूँजीगत निवेश योजनाएँ भी सम्मिलित हैं परन्तु प्रावधानों के अनुसार विनियम 5.8 एवं 5.9 के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के प्रस्ताव सम्मिलित नहीं हैं, उनके लिये विनियम के अनुसार निर्धारित समय सीमा में लागू प्रावधानों के अंतर्गत पृथक से याचिका प्रस्तुत की जावेगी ।

इस याचिका में कुल 88 योजनाएँ सम्मिलित हैं (अनुमानित लागत लगभग रू 782 करोड़), जिनमें कुल 88 योजनाओं में 44 योजनाएं (अनुमानित लागत लगभग रू 495 करोड़) पूर्व–अनुमोदित योजनाएँ हैं। प्रस्तावित योजनाओं का संयंत्रवार वर्गीकृत संक्षेप संलग्न तालिका में प्रस्तुत है।

प्रस्तावित योजनाओं का संयंत्रवार वर्गीकृत संक्षेप

क्र	संयंत्र	योजना वर्ग (संख्या)		31.03.26 तक	वित्त वर्ष 26 –27	वित्त वर्ष 27 –28	वित्त वर्ष 28 –29	वित्त वर्ष 29 –30	नियंत्रण अवधि योग
1	हसदेव ताप विद्युत गृह	पूर्व स्वीकृत योजना	3	42.00	4.88	0.00	0.00	0.00	4.88
		नवीन योजना	3	0.00	16.87	15.22	0.00	0.00	32.08
		योग	6	42.00	21.75	15.22	0.00	0.00	36.96
2	डी एस पी एम ताप विद्युत् गृह	पूर्व स्वीकृत योजना	15	8.51	44.09	15.83	0.00	0.00	59.93
		नवीन योजना	8	0.00	11.51	10.26	5.00	5.00	31.77
		योग	23	8.51	55.60	26.09	5.00	5.00	91.70
3	कोरबा पश्चिम ताप विद्युत् गृह	पूर्व स्वीकृत योजना	11	12.69	51.00	26.40	52.51	0.00	129.91
		नवीन योजना	14	3.33	23.08	30.50	5.00	5.00	63.59
		योग	25	16.02	74.08	56.90	57.51	5.00	193.50
4	ए बी वी ताप विद्युत् गृह	पूर्व स्वीकृत योजना	9	18.87	28.38	6.55	0.00	0.00	34.93
		नवीन योजना	11	6.13	25.00	13.70	10.00	10.00	58.70
		योग	20	25.00	53.38	20.25	10.00	10.00	93.63
5	जल विद्युत् गृह बांगो	पूर्व स्वीकृत योजना	5	0.00	6.70	0.00	0.00	0.00	6.70
		नवीन योजना	3	0.00	1.95	1.93	1.20	1.20	6.28
		योग	8	0.00	8.65	1.93	1.20	1.20	12.98
6	गारे पेलमा एकीकृत कोयला खदान	पूर्व स्वीकृत योजना	1	855.24	247.64	11.00	0.00	0.00	258.64
		नवीन योजना	0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		योग	1	855.24	247.64	11.00	0.00	0.00	258.64
7	एकजाई योजनाएं	पूर्व स्वीकृत योजना	0	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		नवीन योजना	5	0.00	3.40	1.00	90.18	0.00	94.58
		योग	5	0.00	3.40	1.00	90.18	0.00	94.58
सकल योग		पूर्व स्वीकृत योजना	**44**	**937.31**	**382.69**	**59.78**	**52.51**	**0.00**	**494.99**
		नवीन योजना	**44**	**9.46**	**81.80**	**72.61**	**111.38**	**21.20**	**286.99**
		योग	**88**	**946.77**	**464.50**	**132.39**	**163.89**	**21.20**	**781.97**

******